

# स्वच्छ ऊर्जा के साथ विकास

# Growing with Green Energy

## 27वीं वार्षिक आम बैठक

## 27th Annual General Meeting

## अध्यक्ष का भाषण

## Chairman's Address

September 7, 2011

गेल (इंडिया)लिमिटेड

एशिया की अव्वल नंबर की गैस कंपनी

**Asia's No. 1 Gas Utility Company**

# Asia's No. 1 Gas Utility Company

GAIL has been ranked No. 1 Gas utility company in Asia and second in Gas utility globally. GAIL has also been conferred 17th rank by PLATTS in the fastest growing Asian Companies.

PLATTS has been coming out with Top-250 ranks of Global Energy Company every year. This is one of the most prestigious awards in the field of Oil and Gas in the world.

PLATTS ranks the energy companies' financial performance globally, regionally and by industrial sector. Its ranking is based on four key metrics- assets worth, revenues, profits and return on invested capital. All companies in the list have more than US $2 billion assets. The fundamentals and market data comes from a database compiled
and maintained by Capital IQ Compustat, a business of Standard & Poor's, which like PLATTS, is a division of the McGraw-Hill Companies.



platts GLOBAL ENERGY COMPANY TOP 250

PLATTS TOP 250
GLOBAL ENERGY COMPANY
2010

*Presented to*

**Gail (India) Ltd**

*In recognition of outstanding global financial and industry performance.*

Lawrence Neal
President, Platts

platts





# Chairman's Statement for the 27th AGM of GAIL on 7th September 2011


**B.C. Tripathi**
Chairman & Managing Director

**Dear Shareowners,**

On behalf of the Board of Directors, I extend a very warm welcome to all of you on this 27th Annual General Meeting of your Company. The Directors' Report and the Audited Accounts for the year 2010-11 are already with you and with your permission, I take them as read.

## Corporate Performance

During the last financial year, your Company registered a turnover of Rs. 32,459 crore, against a turnover of Rs. 24,996 crore in the previous financial year showing a growth of around 30%. The Profit After Tax also grew by 13% despite increase of 59% in the LPG subsidy provision over the previous year.




Your Company generated superior value for shareowners by doubling its market capitalization to around Rs. 60,000 crore in a span of 3 years. The aggregate dividend payout for 2010-11 is proposed at Rs 7.50 per share. The return on capital employed stood at 23% and EPS went up from Rs. 25 per share to Rs. 28 per share.


## Industry Outlook

Indian economy is expected to grow around 8%, driving high growth in commercial energy demand. Natural gas is expected to contribute significantly to meet this growing energy requirement. Supply from domestic production as well as imported sources is likely to increase further in the coming years. In order to ensure accelerated development of natural gas market in India, efforts to increase availability of gas for domestic industry, development of adequate infrastructure and progressive policy reforms across the value chain are already underway. Natural gas consumption in the country has witnessed an impressive CAGR of about 13.5% in the last four years, making it the fastest growing energy source among fossil fuels. It is estimated that the demand for natural gas in the country may increase three to four times by 2030. This would offer several opportunities for the development of gas

market in the country. Your Company is taking several steps and initiatives to not only shape this emerging market but also continue to be a major player in the industry.

### Business Initiatives

The implementation of projects and initiatives as per the existing Strategic Plan 2007-12, is moving well. Your Company has a Capex Plan of about Rs 35,000 crore till 2014-15, which focuses on pipeline network expansion and Petrochemical expansion besides other key business areas. By 2014, your Company will be consolidating its pan India presence, with a total pipeline network of about 14,500 kms and marketing Petrochemicals to the extent of 1.7 million TPA. The doubling of capacity of gas-based Petrochemical Plant at Pata and setting up of a 2,80,000 TPA Petrochemical Complex in Assam through its subsidiary, Brahmaputra Cracker & Polymer Limited, will strengthen your Company's presence in the Petrochemicals sector. In addition, your Company has taken a 17% equity stake in the 1.1 million TPA petrochemical project being implemented by OPaL at Dahej, Gujarat.




Your Company is in the process of consolidation of its city gas distribution business. GAIL Gas Limited, the wholly owned subsidiary of your Company is pursuing various opportunities in City Gas Distribution (CGD) projects. It is focusing on development of CGD market across the country through entering into partnerships with various State governments as well as commercial entities. Within a short span of three years, GAIL Gas Limited has achieved its maiden Profit after Tax of over Rs. 1 crore and Net Sales of around Rs. 29 crore during the financial year 2010-11. I am also happy to inform you that with your support, the approval for transfer of CGD assets in Agra and Firozabad to its wholly owned subsidiary, GAIL Gas Limited, has been passed with thumping majority through postal ballot. This will further strengthen the CGD portfolio of your Company.

In line with our environmental responsibility, your Company is diversifying in new business areas like wind and solar power and actively scouting for opportunities in gas based power generation projects. Your Company has successfully commissioned a wind energy power project of 4.5 MW capacity in Kutch District of Gujarat for captive consumption at your Company's installations at Gandhar, Samakhiali and Kandla in Gujarat. Further, during this financial year your Company will also set up over 115 MW of wind based renewable power projects at investment of nearly Rs 700 crore in various states.

Your Company has also taken several initiatives to establish a bigger global presence and operations. Your Company has established a representative office in Egypt in order to pursue various business opportunities arising in Africa in a focused and time bound manner. It is in various stages of discussions with players around the world to expand its international portfolio in the gas value chain primarily in Asia, CIS countries, Africa and North America.



### Strategic Direction

Your Company's core business philosophy is to grow in a manner that is sustainable for the economy, community, environment, and the stakeholders. In line with this, your Company is going to publish its first disclosure on Sustainable Development for the financial year 2010-11 to highlight the measures taken by it on social, economic and environmental fronts. Further, the MOU signed by your Company for the year 2011-12 with the Government of India also contains 6

parameters on sustainability, on which the performance of your Company shall be adjudged. As a responsible Company, we will continue to strive for inclusive and sustainable growth of the nation – both in action and words.

Going forward, the Board of your Company has approved the Strategy 2020, in order to accelerate your Company's growth and further strengthen its bottom line. This is an ambitious and forward looking plan going upto 2020 which, amongst others, targets to reach a Turnover of Rs 1 lakh crore by 2016-17.

The primary thrust areas of Strategy 2020 are expansion, diversification and globalization of existing businesses and developing new revenue streams for future. Your Company will continue to build on its strengths in the core business areas, through expansion of pipeline networks and increasing the capacity in petrochemicals segment. Opportunities for petrochemical projects based on alternative feedstock are also being pursued.

To meet the growing demand of gas amidst limited domestic supplies, your Company would further focus on sourcing LNG from international market as well as acquiring overseas assets linked to equity gas/ LNG through Mergers & Acquisitions. Your Company is also planning to consolidate its operations in exploration and production to deliver higher value through this segment.

As your Company has been a pioneer in building environment friendly businesses, it aims to foray further into gas-based power, renewable power and unconventional energy sources like Shale Gas, CBM and Coal Gas. Thrust would also be given to seeding investment in emerging technologies like Fuel cells and Hydrogen etc. through pilot projects. This will enable your Company to contribute to a cleaner climate and support green industrialization.

To realize these ambitious goals, internal capability and capacity building and evolving strong enterprise architecture, will remain a focus area for your Company.

Building a Responsible Organization

Your Company understands that it has a responsibility beyond business. In pursuit of the same, your Company has always focused on maintaining a synergy with its environment. Your Company committed approximately Rs 70 crore during the financial year 2010-11 on CSR activities through its annual



allocation of 2% of PAT of the previous financial year. Continuing with the efforts for building a progressive society, your Company supported among other programmes, a unique initiative called 'GAIL Utkarsh' to provide training to under-privileged children for top engineering entrance exams in the country. I am happy to share that out of 55 students who were selected for intense coaching, 51 successfully made it through the IITs, NITs, ISRO, UPTU and other entrance examinations. More than half of these successful students belonged to socially backward classes. Your Company will continue to make an impact towards the well-being of the society and environment in its various pursuits.

## Corporate Governance

Your Company is committed to adopt the best practices of Corporate Governance. It gives utmost priority to principles of transparency, accountability and business ethics, with the ultimate objective of maximizing shareholder value. Your Company has been complying with the requirements for corporate governance as enunciated in the Listing Agreement and DPE Guidelines on Corporate Governance.

I am pleased to inform that your Company has once again received "NIL" comments from Comptroller & Auditor General of India for 2010-11 which underlines its commitment for the best accounting and disclosure practices.

Your Company believes in using the best-in-class technology to make continual improvement in its governance standards. Your Company has successfully upgraded the existing ERP system to the latest SAP ECC6 platform. Many new

components like Governance, Risk & Control, e-Recruitment and Gas Management System have also been added to the SAP infrastructure, which will lead to greater operational efficiency and transparency, thereby helping in faster and better decision making.

### Asia's No. 1 Gas Utility

A number of prestigious awards and appreciations were bestowed on your Company during this fiscal. I am proud to share with you that your Company has been ranked as "Asia's No. 1 Gas Utility Company" and "No. 2 Globally" in the Platts Top 250 Energy Company rankings.



Your Company was conferred with the Petrofed Oil & Gas Pipeline Transportation Company of the Year award by the Hon'ble Union Minister for Petroleum & Natural Gas, and the Managing India Award by AIMA as Outstanding PSU of the Year.

A Certificate of Recognition for Excellence in Corporate Governance was conferred on your Company in the 10th ICSI National Award for Excellence in Corporate Governance.

Your Company bagged the Oil Industry Safety award for the 14th time consecutively with 1st rank for best overall safety performance under "Cross Country Pipelines Category" for HVJ pipeline. The Gas Processing Complex Vijaipur bagged Oil Industry Safety Award for the 7th time with 2nd rank for best overall safety performance. Several other awards in the area of Health, Safety and Environment were also received by your Company.

On the Human Resources side, your Company was granted the status of Asia's Best Employer by World HRD Congress in the category of "Best HR Strategy in line with Business".

We shall continue to make persistent efforts to take your Company to higher milestones in the years to come.

### Acknowledgement

On behalf of the Board of Directors of the Company, I take this opportunity to express my deepest gratitude to our valued shareholders, for their faith and support which is a great motivator for Team GAIL.

I am grateful to the Ministry of Petroleum & Natural Gas, Government of India for its constant support and guidance. I also acknowledge the cooperation received from various wings of the Union Government, the State Governments and all other stakeholders. My special thanks are due to team GAIL for its commitment and untiring efforts to realize the Vision of your Company. I would also like to take this opportunity to express my gratitude to my colleagues on the Board for their constant support.

I assure you that your Company shall continue to grow with greater momentum in the times to come and shall remain committed to delivering sustained value creation for all its stakeholders.

Thank you very much ladies and gentlemen.

**B. C. Tripathi**

Chairman & Managing Director

7th September 2011

**Note**: Excerpts from the Chairman's speech at the 27th Annual General Meeting held on the 7th September, 2011 at New Delhi. This does not purport to be a record of the proceedings of the Annual General Meeting.




बी.सी. त्रिपाठी
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**

# दिनांक 7 सितंबर, 2011 का गेल की 27वीं वार्षिक आम बैठक हेतु अध्यक्षीय संबोधन

## प्रिय शेयरधारकगण,

मैं, निदेशक मंडल की ओर से आपकी कंपनी की 27वीं वार्षिक आम सभा में आप सभी का हार्दिक स्वालत करता हूं। निदेशकों की रिपोर्ट तथा वर्ष 2010–11 के लेखापरीक्षित लेखे आपके पास पहले से ही हैं। आपकी अनुमति से मैं उन्हें पढ़ा गया मान लेता हूं ।

## निगमित निष्पादन




पिछले वित्त वर्ष में आपकी कंपनी ने गत वर्ष के 24,996 करोड़ रुपए पर 30% की वृद्धि के साथ 32,459 करोड़ रुपए का कारोबार किया है । गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष एलपीजी सहायिकी प्रावधान से 59% की वृद्धि के बावजूद कर पश्चात लाभ में भी 13% की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

आपकी कंपनी ने 3 वर्ष में बाजार पूंजीकरण को दुगना करते हुए इसे लगभग 60,000 करोड़ रुपए कर लिया है । इस प्रकार शेयरधारकों हेतु अधिक मूल्य प्रजनित किया है। वर्ष 2010–11 हेतु प्रस्तावित सकल लाभांश 7.50 रु. प्रति शेयर है। नियोजित पूंजी पर आय 23% रही तथा प्रति शेयर आय 25 रु. से बढ़ कर 28 रु. प्रति शेयर हो गई है ।


## औद्योगिक परिदृश्य

भारतीय अर्थव्यवस्था में लगभग 8% की दर से वृद्धि की संभावना है जिसके परिणामस्वरूप व्यावसायिक ऊर्जा मांग में भी वृद्धि होगी। ऊर्जा की बढ़ती मांग को पूरा करने में प्राकृतिक गैस का योगदान संभवतः महत्वपूर्ण होगा। आगामी वर्षों मे घरेलू उत्पादन तथा आयातित स्रोतों से आपूर्ति के और अधिक बढ़ने की संभावना है । भारत में प्राकृतिक गैस बाजार के द्रुतगामी विकास को सुनिश्चित करने के लिए घरेलू उद्योग हेतु गैस की उपलब्धता में वृद्धि के प्रयास, पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास एवं संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में नीतियों में निरंतर सुधार पहले से ही चल रहे हैं। देश में प्राकृतिक गैस की खपत में गत चार वर्षों में लगभग 13.5 प्रतिशत के सीएजीआर की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। फलस्वरूप यह जीवाश्मीय ईंधन में सर्वाधिक तीव्रता से विकसित होने वाला ऊर्जा स्रोत बन गया है । यह अनुमान है कि वर्ष 2030 तक देश में गैस की मांग चार गुना तक बढ़

जाएगी। इससे देश में गैस बाजार विकसित होने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। आपकी कंपनी कई उपाय एवं प्रयास कर रही है जिससे न केवल इस उभरते हुए बाजार को एक आकार दिया जा सके बल्कि उद्योग में भी इसका महत्वपूर्ण स्थान कायम रखा जा सके ।

### व्यावसायिक प्रयास

विद्यमान नीतिगत योजना 2007–12 के अनुरूप परियोजनाओं एवं प्रयासों को भलीभांति कार्यान्वित किया जा रहा है । आपकी कंपनी की वर्ष 2014–15 तक 35,000 करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय की योजना है जिसमें पाइपलाइन नेटवर्क विस्तार तथा पेट्रोकेमिकल विस्तार के साथ–साथ अन्यं महत्वपूर्ण कारोबारी क्षेत्रों पर बल दिया जाएगा । वर्ष 2014 तक आपकी कंपनी 14,500 कि.मी. लंबे पाइपलाइन नेटवर्क तथा 1.7 मिलियन टीपीए पेट्रोकेमिकल के विपणन के साथ समग्र भारत में अपनी उपस्थिति बना लेगी । पाता में स्थित गैस आधारित पेट्रोकेमिकल संयंत्र की क्षमता को दुगना तथा अपनी सहायक कंपनी ब्रह्मपुत्र क्रैकर एवं पॉलीमर लिमिटेड के माध्यम से असम में 2,80,000 टीपीए क्षमता के पेट्रोकेमिकल कॉम्पलेक्स की स्थापना से पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में आपकी कंपनी की स्थिति मजबूत होगी । इसके अलावा आपकी कंपनी ने दहेज, गुजरात स्थित ओपीएएल द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे 1.1 मिलियन टीपीए क्षमता की पेट्रोकेमिकल परियोजना में 17% इक्विटी स्टेक हासिल किए हैं ।




आपकी कंपनी अपने शहर गैस वितरण कारोबार को मजबूत करने की प्रक्रिया में है । आपकी कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली एक कंपनी गेल गैस लिमिटेड शहर गैस वितरण (सीजीडी) परियोजनाओं में विभिन्न अवसरों का पता लगा रही है। यह विभिन्न राज्य सरकारों के साथ–साथ व्यावसायिक कंपनियों के साथ मिल कर देश में सीजीडी बाजार के विकास पर ध्यान केन्द्रित कर रही है । तीन वर्ष के अल्प काल में गेल गैस लिमिटेड ने वर्ष 2010–11 में एक करोड़ रुपए से अधिक का अपना पहला कर पश्चात लाभ अर्जित किया है तथा 29 करोड़ रुपए की निवल बिक्री दर्ज की है। मुझे यह बताते हुए भी प्रसन्नता हो रही है कि आपके सहयोग से आगरा एवं फिरोजाबाद स्थित सीजीडी परिसंपत्तियों के अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली गेल गैस लिमिटेड को अंतरित किए जाने के लिए डाक से मतदान द्वारा भारी बहुमत से पारित कर दिया है। इससे आपकी कंपनी का सीजीडी पोर्टफोलियो और अधिक मजबूत हो जाएगा।

हमारे पर्यावरण संबंधी दायित्व के अनुसार आपकी कपंनी पवन ऊर्जा एवं सौर ऊर्जा जैसे नए कारोबारी क्षेत्र में प्रवेश कर रही है और गैस आधारित पॉवर प्रजनन परियोजनाओं में अवसरों की तलाश कर रही है। आपकी कंपनी ने गुजरात के कच्छ जिले में 4.5 मेगावाट क्षमता की पवन ऊर्जा परियोजना का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया है। यह ऊर्जा आपकी कंपनी के गंधार, समाख्याली एवं कांडला स्थित संस्थापनाओं में इस्तेमाल की जाएगी। इसके अलावा इसी वित्त वर्ष में आपकी कंपनी विभिन्न राज्यों में लगभग 700 करोड़ रुपए के निवेश से 115 मेगावाट क्षमता की पवन आधारित नवीकरण योग्य परियोजना स्थापित करेगी ।

आपकी कंपनी ने समस्त विश्व में विस्तृत उपस्थिति दर्ज करने तथा प्रचालनों हेतु कई प्रयास भी किए हैं। अफ्रीका में प्रकट होने वाले कारोबारी अवसरों को प्रभावी एवं समय बद्ध ढंग से हासिल करने हेतु



आपकी कंपनी ने मिस्र में एक प्रतिनिधि कार्यालय खोल दिया है। कंपनी पूरे विश्व में विभिन्न कंपनियों से विचार–विमर्श कर रही है ताकि गैस मूल्य श्रृंखला में, विशेषकर एशिया, सीआईएस देशों, अफ्रीका और उत्तरी अमरीका में अंतर्राष्ट्रीय रूप से विस्तार किया जा सके।

### नीतिगत निदेश

आपकी कंपनी का कारोबारी दर्शन है कि इस प्रकार विकास किया जाए जो अर्थव्यवस्था, समुदाय, पर्यावरण तथा स्टेकधारकों के लिए हितकर हो। इसी के अनुरूप आपकी कंपनी वित्त वर्ष 2010–11 से सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय क्षेत्रों में किए गए उपायों पर प्रकाश डालने के लिए निरंतर विकास पर अपना प्रथम प्रकटन प्रकाशित करने जा रही है। इसके अलावा आपकी कंपनी द्वारा भारत

सरकार के साथ वर्ष 2011–12 के लिए किए गए समझौता ज्ञापन में निरंतरता संबंधी 6 मापदंड हैं, जिन पर आपकी कंपनी के कार्यनिष्पादन का आकलन किया जाएगा।

इससे भी आगे, आपकी कपंनी के निदेशक मंडल ने आपकी कंपनी की प्रगति में तेजी लाने तथा अपनी अगली पंक्ति को सुदृढ़ बनाने के लिए नीति 2020 को अनुमोदित कर दिया है । यह 2020 तक जाने वाली एक महत्वाकांक्षी और दूरदृष्टि वाली योजना है जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ 2016–17 तक एक लाख करोड़ रुपए के कारोबार का लक्ष्य भी है ।

नीति 2020 के प्रमुख क्षेत्रों में विस्तार, मौजूदा व्यापार का विविधीकरण तथा वैश्वीकरण, भविष्य के लिए नए राजस्व क्षेत्रों का विकास शामिल है। आपकी कंपनी पाइपलाइन नेटवर्क के विस्तार तथा पेट्रोकेमिकल खंड में क्षमता वर्धन के माध्यम से अपने प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में अपनी क्षमताओं को बढ़ाती रहेगी। वैकल्पिक फीडस्टॉक पर आधारित पेट्रोकैमिकल परियोजनाओं के अवसरों का भी पता लगाया जा रहा है।

सीमित घरेलू आपूर्ति के साथ गैस की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए आपकी कंपनी अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार से एलएनजी की प्राप्ति के साथ–साथ विलयन और अधिग्रहण के माध्यम से इक्विटी गैस/एलएनजी से संबद्ध विदेशी परिसंपत्तियों के अधिग्रहण पर बल देगी। आपकी कंपनी इस खंड द्वारा अधिक परिणाम देने के लिए अन्वेषण और उत्पादन में अपने प्रचालनों को एकीकृत बनाने की योजना भी बना रही है ।

चूंकि आपकी कंपनी पर्यावरण अनुकूल कारोबार करने में अग्रणी है अतः इसका लक्ष्य गैस आधारित पॉवर, नवीकरण योग्य पॉवर तथा ऊर्जा के गैर–पारंपरिक स्रोतों, जैसे–शेल गैस, सीबीएम तथा कोल गैस में प्रवेश करना है। प्रायोगिक परियोजनाओं के माध्यम से फ्युअल सैल तथा हाइड्रोजन आदि जैसे उभरती टेक्नोलॉजी में निवेश करने पर भी बल दिया जाएगा। इससे आपकी कंपनी स्वच्छ पर्यावरण और प्रदूषण रहित औद्योगिकीकरण में योगदान कर सकेगी।



इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आपकी कंपनी आंतरिक योग्यता, क्षमता वर्धन तथा सशक्त उद्यम के विकास पर निरंतर बल देती रहेगी।

## उत्ततरदायी संगठन का निर्माण

आपकी कंपनी इस बात को समझती है कि कारोबार से परे भी इसका दायित्व है। उसे पूरा करने के लिए आपकी कंपनी ने पर्यावरण के साथ तालमेल रखने पर हमेशा बल दिया है। आपकी कंपनी वित्त वर्ष 2010–11 में सीएसआर गतिविधियों पर अपने गत वित्त वर्ष के कर पश्चात लाभ के 2% वार्षिक आबंटन द्वारा लगभग 70 करोड़ रुपए के व्याय के लिए प्रतिबद्ध है। प्रगतिशील समाज के निर्माण हेतु प्रयासों को जारी रखते हुए आपकी कंपनी ने जिन अन्य कार्यक्रमों में सहयोग किया है, उनमें 'गेल उत्कर्ष' नामक एक अनूठा प्रयास भी शामिल है जिसमे देश में शीर्ष इंजीनियरी प्रवेश परीक्षाओं के लिए कमजोर वर्ग के बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाता है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि गहन प्रशिक्षण के लिए चुने गए 55 छात्रों में से 51 छात्रों ने आई आई टी, एन आई टी, इसरो, यू पी टी यू तथा अन्य प्रवेश परीक्षाओं में सफलता पाई। इन सफल छात्रों में से आधे से ज्यादा सामाजिक दृष्टि से पिछड़े वर्ग से हैं। आपकी कंपनी अपने प्रयासों के जरिए समाज की भलाई और पर्यावरण के क्षेत्र में अपनी छवि बनाए रखेगी।

## निगमित नियंत्रण

आपकी कंपनी निगमित नियंत्रण की श्रेष्ठ पद्धतियां अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पारदर्शिता, उत्तरदायित्व तथा व्यापारिक नैतिकता के सिद्धांतों तथा शेयरधारक के मूल्य को अधिकतम बढ़ाने के उद्देश्य को सर्वाधिक प्राथमिकता देती है। आपकी कंपनी सूचीकरण करार तथा निगमित नियंत्रण पर डीपीई मार्गनिर्देशों में निहित निगमित नियंत्रण की अपेक्षाओं का पालन करती आ रही है ।

आपको बताते हुए मुझे हर्ष हो रहा है कि आपकी कंपनी के लिए 2010–11 हेतु भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक ने 'शून्य' टिप्पणी की है, जिसका अर्थ है कि यह श्रेष्ठ लेखांकन तथा प्रकटन प्रथाओं के प्रति वचनबद्ध है ।

आपकी कंपनी अपने नियंत्रण मानकों में निरंतर सुधार करने के लिए श्रेष्ठ तकनीक का प्रयोग करने में विश्वास रखती है। आपकी कंपनी ने अपनी मौजूदा ईआरपी प्रणाली का एसएपी ईसीसी 6 प्लेंटफार्म तक सफलतापूर्वक उन्नयन किया है। एसएपी इंफ्रास्ट्रक्चर में नियंत्रण, जोखिम तथा नियंत्रण, ई–भर्ती और गैस प्रबंधन प्रणाली जैसे नए घटक भी जोड़े गए हैं जिनसे अधिक प्रचालनगत प्रभावशीलता और पारदर्शिता आएगी और उससे तेजी से और बेहतर निर्णय लेने में सहायता मिलेगी।

## एशिया की नं. 1 गैस कंपनी

इस वित्त वर्ष में आपकी कंपनी को अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार और सराहना मिली। आपको बताते हुए मुझे गर्व हो रहा है कि आपकी कंपनी को प्लैट्स शीर्ष 250 ऊर्जा कंपनियों की रैंकिंग में "एशिया की नं. 1 गैस कंपनी" तथा "विश्व की दूसरे नंबर" की कंपनी का दर्जा दिया गया है।

आपकी कंपनी को माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस केन्द्रीय



मंत्री द्वारा वर्ष की पेट्रोफेड ऑयल एंड गैस पाइपलाइन ट्रांसपोर्टेशन कंपनी पुरस्कार प्रदान किया गया तथा एआईएमए द्वारा वर्ष के उत्कृष्ट पीएसयू के रूप में "मैनेजिंग इंडिया अवार्ड" प्रदान किया गया।

निगमित नियंत्रण में उत्कृष्टता के लिए 10वें आईसीएसआई नेशनल अवार्ड में आपकी कंपनी को "निगमित नियंत्रण में उत्कृष्टता के लिए मान्यता स्वरूप प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।"

आपकी कंपनी ने एचवीजे पाइपलाइन के लिए "देशव्यापी पाइपलाइन श्रेणी" में श्रेष्ठ समग्र संरक्षा निष्पादन के लिए लगातार 14वीं बार पहले दर्जे का "ऑयल इंडस्ट्री सुरक्षा पुरस्कार" हासिल किया। गैस प्रोसेसिंग कॉमलेक्स, विजयपुर को श्रेष्ठ समग्र संरक्षा निष्पादन के लिए लगातार 7वीं बार दूसरे दर्जे का ऑयल इंडस्ट्री सुरक्षा पुरस्कार प्राप्त हुआ । स्वास्थ्य, संरक्षा और पर्यावरण के क्षेत्र में भी आपकी कंपनी को अनेक पुरस्कार प्रदान किए गए ।

मानव संसाधन के क्षेत्र में, आपकी कंपनी को "व्यापार के अनुरूप श्रेष्ठ मानव संसाधन नीति" की श्रेणी में विश्व एचआरडी कांग्रेस द्वारा एशिया के श्रेष्ठ नियोक्ता का दर्जा दिया गया।

हम आने वाले वर्षों में आपकी कंपनी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे ।

## आभार

निदेशक मण्डल और स्वयं अपनी ओर से मैं अपने सम्मानित शेयरधारकों का उनके विश्वास और सहयोग के लिए सच्चे दिल से आभार व्यक्त करता हूँ जो टीम गेल के लिए उत्साहवर्धक है।

मैं पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार का उसके निरंतर सहयोग तथा कृतज्ञता के लिए धन्यवाद करता हूँ। मैं भारत सरकार के विभिन्न पक्षों, राज्य सरकारों और अन्य सभी शेयरधारकों से प्राप्त सहयोग के लिए भी आभारी हूँ। मैं विशेष रूप से टीम गेल का आपकी कम्पनी का विजन हासिल करने के लिए उसकी प्रतिबद्धता एवं प्रयत्नों के लिए धन्यवाद करता हूँ। मैं निदेशक मण्डल के अपने सहकर्मियों के प्रति भी उनके सतत सहयोग के लिए अपना आभार व्यक्त करता हूँ।

मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि आने वाले समय में आपकी कम्पनी निरंतर उन्नति करेगी और सभी शेयरधारकों के लिए उच्च मूल्य सृजित करते रहेगी ।

सज्जनों एवं देवियों को बहुत–बहुत धन्यावाद

**बी. सी. त्रिपाठी**

अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

7 सितम्बर, 2011

**टिप्पणी :** नई दिल्ली में तारीख 7 सितम्बर 2011 को आयोजित 27वीं वार्षिक आम बैठक में दिए गए अध्यक्ष के भाषण का उद्धरण। यह वार्षिक आम बैठक की कार्यवाहियों का रिकार्ड नहीं है।

**GAIL (India) Limited**

Regd. Off. 16, Bhikaiji Cama Place, R.K. Puram,
New Delhi-110 066  Website : www.gailonline.com